Ans. (b) सही सुमेलन इस प्रकार है–

क्षेत्र		जिला
बागेर	–	झुंझुनू
वागड	–	बाँसवाड़ा
भाकर	–	पूर्वी सीरोही
गिरवा	–	उदयपुर

38. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है-

(a) 10.41 (b) 9.51
(c) 12.61 (d) 10.85

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (a) राजस्थान राज्य का क्षेत्रफल 132140 वर्ग मील (342,239 वर्ग किलोमीटर) है। यह भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

39. राजस्थान राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई है

(a) 1,070 किलोमीटर (b) 4, 850 किलोमीटर
(c) 1, 869 किलोमीटर (d) 5,920 किलोमीटर

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (a) राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा लम्बाई 5920 किमी. है। इसमें से 1070 किमी. लम्बाई अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है। जो पाकिस्तान के साथ लगती है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को रेडक्लिफ रेखा के नाम से जाना जाता है।

40. 'क्षारबाग' स्थित है-

(a) बूँदी (b) जोधपुर
(c) बीकानेर (d) अजमेर

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (a) क्षारबाग राजस्थान के बूँदी जिले में स्थित है। यह बूँदी के शाही परिवार का स्मारक है। यह छत्र विलास गार्डन के पास शिकार बुर्ज जैत सागर रोड पर स्थित है।

41. पूर्व राजस्थान (25 मार्च, 1948) का उद्घाटन किसने किया-

(a) एन.वी. गाडगिल (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सरदार पटेल (d) शोभाराम कुमावत

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (a) पूर्व राजस्थान (25 मार्च, 1948) का उद्घाटन एन.वी. गाडगिल ने किया था। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, झालावाड़, किशनगढ़, प्रतापगढ़, शाहपुरा, टोंक और कोटा को मिलाकर पूर्व राजस्थान का निर्माण किया गया था। इसकी राजधानी कोटा थी।

42. राजस्थान राज्य की आकृति है-

(a) चतुष्कोणीय (b) विषमकोणीय
(c) समकोणीय (d) पट्कोणीय

Complier Exam Date-21.08.2016
JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) राजस्थान राज्य की आकृति ''विषमकोणीय'' चतुर्भुज के समान है। इसकी आकृति के बारे में सर्वप्रथम टी.एच. हेण्डले ने बताया था। राजस्थान भारत का क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य है। इसका क्षेत्रफल 3, 42, 239 वर्ग किमी. है। इसका अक्षांक्षीय विस्तार 23° 3' से 30° 12' उत्तर तक तथा देशांतरीय विस्तान 69° 29' से 78° 17' पूर्व तक है। राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण लम्बाई 826 किमी. और पूरब से पश्चिम लम्बाई 869 किमी है।

43. 18 अप्रैल, 1948 को संयुक्त राजस्थान का उद्घाटन किसने किया?

(a) सरदार वल्लभभाई पटेल (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सी. राजगोपालाचारी (d) वी.पी. मेनन

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (b) राजस्थान के संयुक्तीकरण के तीसरे चरण-18 अप्रैल-1948 ई. को उद्घाटन पण्डित जवाहर लाल नेहरू द्वारा कोटा जिले के कोटा दुर्ग में किया गया था। उस समय संघ के अध्यक्ष मेवाड़ के भूपाल सिंह थे।

44. वह जिला जो 'सौ द्वीपों के क्षेत्र' के नाम से जाना जाता है-

(a) झालावाड़ (b) बांसवाड़ा
(c) डूंगरपुर (d) सिरोही

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (b) राजस्थान का बांसवाड़ा जिला राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित है। बांसवाड़ा जिले से 'माही नदी' बहती है जो कई छोटी-छोटी द्वीपों का निर्माण करती है जिसके कारण इस जिले को 'सौ द्वीपों का क्षेत्र' की संज्ञा दी जाती है।

45. राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जाता है-

(a) 03 मार्च (b) 23 मार्च
(c) 30 मार्च (d) 31 मार्च

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (c) राजस्थान राज्य का गठन 30 मार्च, 1949 को हुआ था। इसलिए प्रतिवर्ष 30 मार्च को स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसका क्षेत्रफल 342,239 वर्ग किलोमीटर या भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 10.4 प्रतिशत शामिल है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा भारतीय राज्य है। इसकी राजधानी जयपुर है।

46. राजस्थान का कौन-सा जिला IWRM के लिए चयनित नहीं था?

(a) पाली (b) सीकर
(c) चूरू (d) जयपुर

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018
(Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (d) जल की गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क तथा उनके नमूने लेने सम्बन्धी संग्रह हेतु 'एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (IWRM)' योजना लायी गयी है, जो मुख्यतः सीकर, पाली व चुरु जैसे जिलों में चलाया जा रहा है जहाँ पानी की कमी ज्यादा है।

47. बैराठ में कौन-सा जिला सम्मिलित नहीं है?

(a) अलवर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) टोंक

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018
(Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (c) बैराठ को प्राचीन ग्रंथों में विराटनगर कहा जाता था, जो मत्स्य जिले की राजधानी थी। बैराठ का विस्तार राज्य के जयपुर, अलवर, टोंक, भरतपुर व दौसा जिलो में है। अजमेर इसमें शामिल नहीं है।

48. निम्नलिखित में से कौन सा सर्वोच्च पर्वत शिखर है-

(a) अचलगढ़ (b) सज्जनगढ़
(c) खौ (d) रघुनाथगढ़

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (a) राजस्थान में प्रमुख सर्वोच्च शिखर चोटी–

सज्जनगढ़	–	सिरोही	–	938 मीटर
अचलगढ़	–	सिरोही	–	1380 मीटर
रघुनाथगढ़	–	सीकर	–	1055 मीटर
खौं	–	अलवर	–	920 मीटर